त्योहारी सीजन शुरू होते कोकर, कांटाटोली, लालपुर, पुरुलिया रोड, मेन रोड, सरकुलर रोड समेत कई जगहों पर घंटों फंसे लोग

दुर्गोत्सव की आहट से ही शहर में ट्रैफिक पस्त

बड़ा सवाल : अभी से राजधानी की सड़कों पर ये आलम तो पूजा के दौरान कैसे कटेगा जाम का ग्रहण

जाम का झाम

रांची, हिन्दुस्तान टीम। राजधानी रांची में ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए पुलिस लगातार कोशिशें कर रही है, पर जाम से निजात नहीं मिल पा रहा है। मंगलवार को भी राजधानी के सबसे व्यस्तम मार्ग कोकर, कांटाटोली, लालपुर, पुरुलिया रोड, मेन रोड, सरकुलर रोड समेत अन्य जगहों पर दिनभर ट्रैफिक जाम रहा। वाहन चालकों को घंटों जाम से जूझना पड़ा। खासतौर पर स्कूल के समय में बच्चों को घर पहुंचने में काफी मशक्कत करनी पड़ी।

चार दिन की लगातार बारिश के बाद मौसम साफ होते ही मंगलवार को बाजार में भीड़ बढ़ी। इसकी वजह से शहर में वाहनों का दबाव बढ़ गया। ट्रैफिक पुलिस का तर्क है कि पूजा को लेकर लोग खरीदारी करने निकल रहे हैं। इसकी वजह से जाम लग रहा है। पुलिस दिनभर जाम से वाहन चालकों को निजात दिलाने के लिए मशक्कत करती रही। रांची के मुख्य मार्गों पर सड़क किनारे बेतरतीब ढंग से खड़े वाहनों को हटाया गया। सड़क पर वाहन लगने से सड़क संकीर्ण हो जाती है, जिससे ट्रैफिक जाम की समस्या उत्पन्न हो रही है। रिम्स, कांटाटोली समेत कई मार्गों में बड़े-बड़े गड्ढे होने से वाहनों की रफ्तार धीमी पड़ जा रही है। इसकी वजह से जाम लग रहा है।

रातू रोड में सड़क पर ऑटो व ई-रिक्शा का कब्जा: शहर के व्यस्त मार्ग रातू रोड के न्यू मार्केट, पिस्का मोड़ में मंगलवार को दिनभर जाम की स्थिति रही। ऑटो के अवैध पड़ाव और सड़क पर कब्जा से वहां से होकर गुजरने वाले लोग बेहाल रहे। नागा बाबा खटाल से लेकर महावीर चौक जाने वाले मार्ग के मुहाने पर ऑटो, टोटो और सिटी बसें खड़ी थीं। ट्रैफिक पुलिस भी सड़क को जाम मुक्त करने के लिए औपचारिकता मात्र निभाते रहे, जिस कारण राहगीरों तक को परेशानी हुई। इसी तरह की स्थिति पिस्का मोड़ चौक के पास भी दिखी। सिग्नल लाइट नहीं होने से दो और चार पहिया वाहनों को आड़े-तिरछे लेकर चालक आगे बढ़ते रहे।


कांटाटोली में मंगलवार को मैनुअल ट्रैफिक कंट्रोल से जाम की समस्या उत्पन्न हुई। ● हिन्दुस्तान


कचहरी रोड में वाहनों के बेतरतीब परिचालन की वजह से मंगलवार को लगता रहा जाम। ● हिन्दुस्तान

रिम्स मुख्य गेट के पास लग रहा जाम

करमटोली से लेकर बूटी मोड़ के बीच दो स्थानों पर लगातार जाम लग रहा। पहला रिम्स के दुर्गा मंदिर के पास वाले गेट के पास और दूसरा हिल व्यू वाले मोड़ से लेकर जामा मस्जिद तक। इन दोनों स्थानों पर आम तौर पर हर दिन जाम लगा रहता है। यहां मैनुअल सिग्नल के कारण यातायात यहां अस्त-व्यस्त रहता है। मंगलवार को भी यहां आम दिनों के मुकाबले अधिक जाम रहा। हिल व्यू चौक से लेकर जामा मस्जिद तक आम दिनों के मुकाबले अधिक जाम रहा।

कोकर: टर्निंग में फंसा वाहन, कई मार्गों पर असर

कोकर से लालपुर और कांटाटोली मार्ग मंगलवार को दिनभर जाम रहा। स्थानीय लोगों के मुताबिक, कोकर से लालपुर मार्ग में सुबह साढ़े दस बजे एक चार पहिया वाहन टर्निंग में फंस गया। इसकी वजह से कोकर से लालपुर चौक तक करीब एक घंटे तक वाहनों की लंबी कतार लग गई। इसका असर कोकर-लालपुर मार्ग के बाइलेन पर भी पड़ा। दफ्तर और अन्य जगह जाने वालों को खासा परेशानियों का सामना करना पड़ा। कांटाटोली मार्ग में मैनुअल ट्रैफिक कंट्रोल से जाम की समस्या उत्पन्न हुई।

हरमू-अरगोड़ा : रेड लाइट बनी जाम का कारण

सहजानंद चौक, हरमू और अरगोड़ा क्षेत्र में भी मंगलवार को जाम की स्थिति रही। दोपहर करीब 1 बजे अरगोड़ा चौक पर गाड़ियों की लंबी कतार नजर आई। डोरंडा और मेन रोड से अशोकनगर की तरफ आनेवाली सड़क भी दोपहर में जाम रही। हालांकि, यह स्थिति बहुत देर तक नहीं रही। सहजानंद चौक और हरमू की तरफ यातायात थोड़ी देर में भी ही सुगम हो गया। अरगोड़ा चौक में रेड लाइट को लेकर असमंसज की स्थिति बनी रही, जिस कारण थोड़ी-थोड़ी देर में जाम लगता रहा। हरमू की ओर से जाने पर अरगोड़ा चौक में कुछ ही सेकेंड में हरी बत्ती लाल हो जा रही थी।

आईटीआई बस स्टैंड के पास निर्माण कार्य से समस्या

कटहल मोड़ से बजरा के बीच आईटीआई बस स्टैंड के पास चल रहे निर्माण कार्य के कारण सड़क पर जाम की समस्या है। निर्माण कार्य के कारण अभी अधिकांश बसें सड़क किनारे ही खड़ी रहती हैं। पहले ही चौड़ाई कम होने से वाहनों की रफ्तार धीमी थी। निर्माण कार्य से पहले आम दिनों में जहां 50 से 100 मीटर की दूरी कुछ ही मिनट में तय हो जाती थी, अभी पीक आवर में पांच से दस मिनट या इससे अधिक समय लग जाता है।

हरमू रोड में सुबह-शाम हिचकोले खाते रहे वाहन

रातू रोड से सहजानंद चौक के बीच हरमू रोड में गाड़ीखाना शनि मंदिर चौक, गाड़ीखाना चौक, किशोरगंज चौक और भारत माता चौक के पास दिन के 10 से 12 और शाम के 5 से 7 बजे तक दर्जनों वाहन जाम में फंसे रहे। इसके अलावा स्कूलों से छुट्टी के बाद बच्चों को लेकर इस मार्ग से होकर गंतव्य तक के लिए निकली बस की वजह से भी जाम की स्थिति बनती रही।

शहर के पूजा पंडाल

हस्तशिल्प कला की थीम भक्तों को करेगी अभिभूत

ज्योति संगम श्री दुर्गा पूजा समिति वर्ष 1959 से लगातार मां दुर्गा की पूजा का आयोजन करती आ रही है। इस वर्ष पूजा पंडाल का निर्माण समिति द्वारा बालकृष्ण स्कूल, अपर बाजार के मैदान में किया जा रहा है। यहां हस्तशिल्प कला की थीम पर बहुत ही आकर्षक पंडाल का निर्माण किया जा रहा है।

100 फीट की लंबाई

आयोजन समिति की ओर से बताया गया कि पूरा पंडाल हर हस्तशिल्प कलाओं से परिपूर्ण होगा। बताया गया कि पंडाल लगभग 100 फीट लंबा, 60 फीट चौड़ा और 50 फीट ऊंचा होगा, जो हस्तशिल्प और आधुनिक कलाओं का सुंदर संगम प्रस्तुत करेगा।

पर्यावरण के अनुकूल

पंडाल पूर्णत: रूप से पर्यावरण अनुकूल रहेगा। पंडाल के निर्माण एवं सजावट में हुगला पत्ता, बांस की खपच्चियां, जूट, प्राकृतिक रेशा, लोहे, थर्मोकोल,फाइबर, शीशे और अन्य प्राकृतिक सामग्रियों का उपयोग किया जा रहा है।


ज्योति संगम श्री दुर्गा पूजा समिति के पंडाल का प्रारूप।

हुगला पत्तों से सजेगा पूजा पंडाल

हुगला पत्तों की बारीक कारीगरी को पंडाल में विशेष रूप से प्रदर्शित किया जाएगा। पंडाल निर्माण में बंगाल के कारीगर पिछले एक महीने से तैयारी में जुटे हैं। इस वर्ष मां दुर्गा की प्रतिमा काफी आकर्षक होगी। प्रतिमा का आकार 20 फीट चौड़ा और 15 फीट ऊंचा होगा। मां दुर्गा सहित सभी देवी-देवता कमल के आसन पर विराजमान होंगे। प्रतिमा का निर्माण झारखंड के सुप्रसिद्ध मूर्तिकार अजय पाल द्वारा किया जा रहा है।

30 लाख रुपए का रखा गया है बजट

इस वर्ष पूजा में अनुमानित बजट लगभग 30 लाख रुपए है। पंडाल निर्माण पर 20 लाख, प्रतिमा पर 2.50 लाख, लाइट एंड साउंड पर 3 लाख, पूजन सामग्री एवं भोग वितरण पर पर 2 लाख तथा अन्य खर्च 2.50 लाख रुपये हैं।

विद्युत सज्जा से पूजा क्षेत्र जगमगाएगा

शहीद चौक से जैन मंदिर चौक तक आकर्षक विद्युत सज्जा की जाएगी। पंडाल परिसर में बच्चों के लिए झूला और खाने-पीने की व्यवस्था भी रहेगी। कार्यकारी अध्यक्ष अंकित गुप्ता ने बताया कि पूजा पंडाल का उद्घाटन चतुर्थी के दिन होगा।

पूजा कमेटी के ये पदाधिकारी आयोजन में जुटे

समिति के मुख्य संरक्षक विधायक सीपी सिंह सिंह हैं। संरक्षक प्रमोद लोहिया, श्याम नारायण दयाल, शिव कुमार गुप्ता और दिव्या सिंह हैं। अध्यक्ष चंद्रभान खत्री, कार्यकारी अध्यक्ष अंकित गुप्ता, संयोजक दीपक कुमार पंकज, अजय बथवाल, हेमंत पोद्दार, अशोक गुप्ता, उपाध्यक्ष अमित व्यास, रवींद्र सैनी, कोषाध्यक्ष अविनाश कुमार, महासचिव राजकुमार गुप्ता, सचिव प्रखर लोहिया, मंत्री मनोज बक्सरिया व गौतम वर्मा, पूजा प्रभारी आशीष घोष, वेद प्रकाश सिंह तैयारी में जुटे हैं। कार्यकारिणी सदस्यों में रंजीत जायसवाल, भरत बथवाल, अमर मोदी आदि शामिल हैं।

तैयारी: पूजा के दौरान तीन शिफ्ट में होगी सफाई

रांची, वरीय संवाददाता। दुर्गोत्सव 2026 के दौरान शहर में स्वच्छता, सुरक्षा, प्रकाश और नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाए रखने के लिए रांची नगर निगम ने तैयारी शुरू कर दी है। अपर नगर आयुक्त संजय कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को स्वच्छता, विद्युत और जलापूर्ति शाखा के पदाधिकारियों के साथ बैठक हुई। इसमें पूजा समितियों के साथ समन्वय और पंडालों के आसपास आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने की कार्ययोजना तैयार की गई।

नगर निगम क्षेत्र के 53 वार्डों में स्थित 176 पूजा पंडालों को नौ जोन में बांटा गया है। प्रत्येक जोन के लिए पदाधिकारी और कर्मियों की जिम्मेदारी तय की गई है। संबंधित अधिकारी अपने क्षेत्र के पंडालों का नियमित निरीक्षण करेंगे और पूजा समितियों से समन्वय कर समस्याओं का त्वरित समाधान कराएंगे। पूजा पंडालों, संपर्क मार्गों और विसर्जन स्थलों पर तीन शिफ्ट में सफाई व्यवस्था रहेगी। रात्रिकालीन सफाई टीम को विशेष रूप से सक्रिय रखने का निर्देश दिया गया है। पंडालों के आसपास नियमित झाड़ू, कूड़ा उठाव, नालियों की सफाई, घास कटाई और जरूरत के अनुसार ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव होगा। खुले नालों पर आवश्यकतानुसार स्लैब और स्टोन डस्ट की व्यवस्था भी की जाएगी। विसर्जन के लिए चिन्हित जलाशयों की सफाई कराई जाएगी। निर्धारित तालाबों में विसर्जन कुंड बनाए जाएंगे, ताकि प्रतिमाओं का विसर्जन व्यवस्थित तरीके से हो और जलाशयों की स्वच्छता व सुरक्षा बनी रहे।



53 वार्डों में 176 पूजा पंडालों को नौ जोन में बांटा गया

- हर जोन के लिए पदाधिकारी और कर्मियों की जिम्मेदारी तय की गई
- चिन्हित जलाशयों में कुंड बनाकर व्यवस्थित विसर्जन कराया जाएगा

खराब स्ट्रीट लाइटें की जाएंगी दुरुस्त

विद्युत शाखा को पंडालों और आसपास के इलाकों में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। संबंधित एजेंसी मेसर्स तुलस्यान के साथ समन्वय कर खराब और बंद स्ट्रीट लाइटों को प्राथमिकता के आधार पर दुरुस्त कराया जाएगा। बड़ा तालाब, अपर बाजार और मेन रोड क्षेत्र में विशेष टीम बनाकर ब्लैक स्पॉट चिह्नित किए जाएंगे और जरूरत के अनुसार अतिरिक्त रोशनी की व्यवस्था होगी। सभी शाखाओं को पूजा समितियों और वार्ड पार्षदों से लगातार समन्वय बनाए रखने का निर्देश दिया गया है।

प्रशासन से सहयोग का समितियों ने किया आग्रह

रांची, वरीय संवाददाता। दुर्गा पूजा के सफल आयोजन को लेकर मंगलवार को पूजा समितियों के सदस्यों ने डीसी मंजूनाथ भजंत्री से मुलाकात की। इस दौरान समितियों ने पर्व में प्रशासनिक सहयोग का आग्रह किया। डीसी ने समितियों को हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया। उन्होंने पूजा समितियों से प्रशासन और पुलिस के साथ समन्वय बनाकर शांतिपूर्ण माहौल में पूजा आयोजित करने की अपील की।

डीसी ने कहा कि मूर्ति विसर्जन के दौरान संबंधित थाना के साथ समन्वय बनाए रखें। साथ ही तय ध्वनि मानकों और अन्य नियमों का पालन करें। उन्होंने पूजा के दौरान यातायात व्यवस्था और आम लोगों की सुविधा का विशेष ध्यान रखने को भी कहा। प्रशासन की ओर से पूजा समितियों से नियमों का पालन करते हुए आयोजन में सहयोग की अपेक्षा की गई।

- ध्वनि मानकों समेत सभी नियमों का पालन करने का निर्देश दिया गया
- आम लोगों की सुविधा का विशेष ध्यान रखने पर जोर दिया गया


वियतनाम में सड़क दुर्घटना में मृत राजा कुमार बंसी के पारिजन समाहरणालय में मंगलवार को उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री से मुलाकात करते हुए।

वियतनाम से राजा का पार्थिव शरीर लाने में जुटा प्रशासन

रांची, वसं। वियतनाम में सड़क दुर्घटना में मृत रांची निवासी राजा कुमार बंसी का पार्थिव शरीर रांची लाने के लिए जिला प्रशासन प्रयासरत है। राज्य सरकार के दिशा-निर्देश पर प्रशासन की ओर से आवश्यक प्रशासनिक प्रक्रिया शुरू कर संबंधित विभागों से समन्वय किया जा रहा है।

इसी सिलसिले में मृतक के परिजनों ने मंगलवार को समाहरणालय के ब्लॉक-ए स्थित उपायुक्त कार्यालय में डीसी मंजूनाथ भजन्त्री से मुलाकात की। परिजनों ने राजा कुमार का पार्थिव शरीर जल्द रांची लाने में प्रशासन से सहयोग की मांग की। जानकारी के अनुसार, कैलाश नगर निवासी राजा कुमार बंसी के साथ 25 सितंबर को वियतनाम में सड़क दुर्घटना हुई थी। दुर्घटना के बाद 26 सितंबर की सुबह उनकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद परिवार में शोक का माहौल है। डीसी ने परिजनों को प्रशासन की ओर से हरसंभव सहयोग का भरोसा दिया। जिला प्रशासन राज्य सरकार के निर्देश के अनुरूप संबंधित विभागों और अधिकारियों से समन्वय कर पार्थिव शरीर को जल्द रांची लाने की प्रक्रिया में सहयोग कर रहा है। प्रशासन ने कहा कि शोकाकुल परिवार को आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने के लिए हरसंभव कदम उठाए जा रहे हैं।

उपायुक्त ने सुनीं समस्याएं अफसरों को जांच के निर्देश

रांची, वरीय संवाददाता। डीसी मंजूनाथ भजंत्री ने मंगलवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में जनसामान्य से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने शिकायतों के त्वरित निष्पादन के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए।

इस दौरान नाई समाज के प्रतिनिधियों ने यूट्यूब पर समाज के प्रति अश्लील और आपत्तिजनक गीत प्रसारित किए जाने की शिकायत की। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारी को मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया। वहीं, झारखंड एसोसिएशन ऑफ द डेफ के प्रतिनिधियों ने नवंबर में राज्य में प्रस्तावित द्वितीय नेशनल जोनल डेफ क्रिकेट टूर्नामेंट के आयोजन को लेकर उपायुक्त से चर्चा की। प्रतिनिधियों ने बताया कि आयोजन झारखंड एसोसिएशन ऑफ द डेफ के सहयोग से किया जाएगा। रातू रोड निवासी एक महिला ने अपनी जमीन की कथित अवैध बिक्री और बिल्डर को हस्तांतरण की शिकायत की। महिला ने धोखाधड़ी कर भूमि हस्तांतरण का आरोप लगाया।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda

बैंक ऑफ बड़ौदा, बिरसा चौक शाखा:
हिनू, राँची, झारखण्ड – 834002
अनुबंध-सी

अचल सम्पत्तियों की बिक्री हेतु बिक्री सूचना ''अनुबंध-IV-ए (अधिनियम 6 (2) एवं 8 (6) के प्रावधान देखें)

सिक्युरिटी इंटरेस्ट (इनफोर्समेंट) नियम 2002 के अंतर्गत 6 (2) एवं 8 (6) की धारा के साथ पठित प्रावधानों के अंतर्गत वित्तीय सम्पत्तियों की प्रतिभूमिकरण और पूर्णगठन एवं सिक्युरिटी इंटरेस्ट अधिनियम 2002 के तहत अचल सम्पत्तियों की बिक्री हेतु नीलामी बिक्री सूचना. आम लोगों को तथा विशेष रूप से भाग लेने वाले और प्रत्याभूति दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति जो सुरक्षित प्रतिभूति के पास गिरवी है उसका कब्जा बैंक ऑफ़ बड़ौदा के अधिकृत अधिकारी, सुरक्षित प्रतिभूति, द्वारा ले लिया गया है, उसे अधोवर्णित खाताओं की वसूली हेतु **''जहाँ है, जैसा है, जो कुछ भी है, जो भी वहाँ है के आधार पर''** बेचा जायेगा। ऋणी / यों / बंधककर्त्ता/ओं / जमानतदार/रों / सुरक्षित सम्पत्ति/यों / बकायों / सुरक्षित मूल्य /ई-नीलामी की तारीख और समय, ईएमडी और बोली वृद्धि राशि का विवरण नीचे दिया गया है।

क्र. सं.	यदि कोई ज्ञात बाधा हो तो उसके विवरण सहित अचल सम्पत्तियों का संक्षिप्त विवरण	यदि कोई ज्ञात बाधा हो तो उसके विवरण सहित चल / अचल सम्पत्तियों का संक्षिप्त विवरण	कुल बकाया / ई-नीलामी की तारीख और समय / प्रारंभ समय से अंत समय	सुरक्षित मूल्य / ईएमडी जमा / बोली वृद्धि राशि	कब्जे की स्थिति (रचनात्मक / भौतिक) / सम्पत्ति निरीक्षण की तारीख और समय
1.	आवेदक: **श्री गुरप्रीत सिंह सलुजा सुपुत्र श्री चरणजीत सिंह** C/o बोल्ला साहु, अमन जीन्स सेंटर, होल्डिंग संख्या 974, अपर चुटिया, पावर हाउस के समीप, हनुमान मंदिर के समीप, राँची जी.पी.ओ., राँची-834001 सह-आवेदक: **श्री अमन प्रीत सिंह, सुपुत्र श्री चरणजीत सिंह,** C/o बोल्ला साहु, अमन जीन्स सेंटर, होल्डिंग संख्या 974, अपर चुटिया, पावर हाउस के समीप, हनुमान मंदिर के समीप, राँची जी.पी.ओ., राँची-834001	अचल संपत्ति जिसका सभी अंश एवं भाग जिसका फ्लैट संख्या ए 301, तृतीय तल पर, कारपेट एरिया 1121 वर्गफुट तथा सुपर बिल्ट-अप एरिया 1690 वर्गफुट, तथा भवन के बेसमेंट में एक कार पार्किंग स्थान, जो ''फूलचंद गार्डेनिया'' नामक भवन के ब्लॉक-ए में स्थित है जिसका खाता संख्या 90, प्लॉट संख्या 644, 645 एवं 646, ग्राम – सिरोम, थाना – चुटिया, थाना संख्या 210, जिला – रांची, होल्डिंग संख्या 960/ए, नया होल्डिंग संख्या 0140001878000ए2, वार्ड संख्या 14, रांची नगर निगम, रांची में स्थित है जो श्रीमती रंजीत कौर सलुजा, पत्नी श्री चरनजीत सिंह के नाम पर दर्ज है। **जिसकी चौहद्दी निम्न प्रकार है: उत्तर** – खुला आकाश, **दक्षिण** – खुला आकाश, **पूरब** – खुला आकाश, **पश्चिम** – फ्लैट संख्या ए-302 एवं लॉबी.	**Rs. 52,34,447.76/-** (रूपये बावन लाख चौंतीस हजार चार सौ सैंतालीस एवं पैसे छिहत्तर मात्र) + ब्याज एवं शुल्क दिनांक 30.09.2025 से **दिनांक 23.10.2026 दोपहर 02:00 बजे से शाम 06:00 बजे तक**	Rs. 65,02,000.00 Rs. 6,50,000.00 Rs. 10,000.00	प्रतिकात्मक कब्जा **22.10.2026** सुबह 11:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक

सह-आवेदक: **श्रीमती रंजीत कौर सलुजा, पत्नी श्री चरणजीत सिंह,** C/o बोल्ला साहु, अमन जीन्स सेंटर, होल्डिंग संख्या 974, अपर चुटिया, पावर हाउस के समीप, हनुमान मंदिर के समीप, राँची जी.पी.ओ., राँची-834001
जमानतदार: **श्री अमरजीत सिंह, सुपुत्र श्री महेन्द्र सिंह,** राजधानी अपार्टमेंट, फ्लैट संख्या ए2, रातु रोड, पिस्का मोड़ (निलांचल कोठी कम्पाउंड) गुरुद्वारा के समीप, हेहल, राँची – 834005

विक्रय की सभी शर्तें एवं दशाएं के लिए कृपया हमारे वेबसाईट लिंक **https://www.bankofbaroda.in/e-auction** एवं **https://baanknet.com** पर जायें / देखें। साथ ही प्रस्तावित बोलीकर्त्ता प्राधिकृत अधिकारी के मोबाईल सं **7542032144** पर सम्पर्क कर सकते हैं।

दिनांक : 29.09.2026, स्थान : राँची **नोट: विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ्य मान्य होगा।** **ह0/- प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ बड़ौदा**

कार्यालय, नगर पंचायत, बुण्डू (राँची)
पता– ब्लॉक रोड, बुण्डू, पिन – 835204
Email Id- nagarpanchayatbundu@gmail.com

आम सूचना

दिनांक 02–10–2026 को महात्मा गांधी के जन्मदिवस के शुभ अवसर पर नगर पंचायत बुण्डू क्षेत्र अंतर्गत पड़ने वाले सभी वधशालाओं एवं मांस, मछली, मुर्गा की दुकानों पर पूर्णत: क्रय – विक्रय बंद रहेगा ।

दिनांक 02–10–2026 को जो भी मांस, मछली, मुर्गा बिक्री करते हुए पाये जाएंगे उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी ।

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर पंचायत, बुण्डू

PR 390775 Urban Development(26-27).D

e-Procurement Cell
OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT
BUILDING DIVISION NO. – 1, RANCHI
(Behind State Guest House Morhabadi) Dindayal Nagar Booty Road Ranchi-834008

Very Short-Term e-Procurement Notice

Sl. No.	Tender Reference No.	Work Name	Amount (Rs.)	Completion Time
1	BCD/Div.No.-1, Ranchi/45/2026-27	Renovation of Hon'ble Judge Bungalow No.-12 at AG More, Doranda, Ranchi (High Cour Pool)	5947100	One Month
2	Start Date of Submission of Bids		07-10-2026 at 11.00 AM	
3	Last Date/Time of Submission of Bids		14-10-2026 at 11.00 AM	
4	Date/Time of Opening of Bid		15-10-2026 at 11.00 AM	
5	Helpline Number of e-procurement Cell		8527519262	
6	e-mail ID		eebcddiv1ranchi@gmail.com	

Note: - Cost of bidding document (Non-Refundable) & Bid Security Shall be payable on online through http://Jharkhandtenders.gov.in
Any Change can be on Website http://Jharkhandtenders.gov.in
Any Other information can be on Website http://Jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer Building Construction Department
Building Division No. 1, Ranchi

PR 390715 (Building)26-27*D

JHARKHAND URJA SANCHARAN NIGAM LIMITED
(CIN: U40108JH2013SGC001704)
(Civil Engineering Department)
Regd. Office: JUSNL (SLDC) Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi-834002
e-mail- ceciviljusnl@gmail.com / gm.civil@jusnl.in

e-TENDER NOTICE

e-Tender in two parts Part-I (Technical and Commercial) and Part-II (price part) is invited from the reputed tenderers having good experience of following similar type of Civil works and having sound financial status:

e-NIT No.	Name of the works	Estimated cost (in Rs.)	Earnest money to be deposited (in Rs.)	Cost of BOQ (Non-Refundable) (in Rs.)	Time of completion of work.
555/PR/ JUSNL /2026-27	Repair, Painting, Vitrified floor tiles, galvanised iron profile sheets and miscellaneous work of SLDC building Sarwal, Namkum, Ranchi.	Rs. 7,16,100.00 (Including GST)	Rs 15,000.00	Rs. 1,250.00 + 18% GST=Rs. 1,476.00	02 Months
Start Date & Time of Download the Tender Documents		29.09.2026 at 11:00 A.M.			
Start Date and Time of Upload of BID		29.09.2026 at 11:00 A.M.			
End Date and Time of Upload of BID		22.10.2026 Upto 03:00 P.M.			
BID Opening Date for Technical Part		23.10.2026 at 03:30 P.M.			
BID Opening Date for Price Part		Will be Communicated			
Tendering Officer and address for communication		GENERAL MANAGER (CIVIL), JUSNL, HQ. Kusai Colony, Doranda, Ranchi-834002			

1. e-Tender documents and BOQ including terms & conditions. Tender specification etc. can be downloaded from website https://jharkhandtenders.gov.in. Any details required in this regard can also be had from the office of the undersigned (9304254491) during office hours. NIC helpline no. 0651-2400178.
2. The bids will be received through electronic tendering mode only.
3. No claim shall be entertained on account of disruption of internet services being used by bidders. Bidders are advised to upload their bids well in advance to avoid last minute technical snag.
4. Tenderer will have to upload an affidavit on non-judicial stamp paper of requisite value prevailing in Jharkhand duly executed before notary that their close members, blood relations/ proxies are not employed in any office of the Jharkhand Urja Sancharan Nigam Limited and other statement in the prescribed format in original. **The original uploaded affidavit will have to be submitted in the office of the undersigned physically or by post within 30 (Thirty) days from the date of opening of Part-I (Technical and Commercial Part).** This will not impact the process of the tender.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को 18003456570(कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager(Civil)

PR 390738 Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd(26-27).D

कार्यालय, उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, राँची
(ब्लॉक–बी, कमरा संख्या–413,
ईमेल– itda-ranchi@jharkhandmail.gov.in) ☎ :0651.2209737)

सत्र 2026–27 से 2027–28 के लिए अनुसूचित जनजाति छात्र–छात्राओं का JEE एवं NEET में नामांकन हेतु प्रेस विज्ञप्ति

अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार द्वारा संचालित अनुसूचित जनजाति शिक्षण उत्थान कार्यक्रम के तहत दिशोम गुरू शिबू सोरेन इंजीनियरिंग (JEE) एवं मेडिकल (NEET) कोचिंग संस्थान, आदिवासी मैदान हिंदपीड़ी, राँची में सरकार के उप सचिव, अनुसूचित जनाजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, झारखण्ड, राँची के आदेश ज्ञापांक 1997 दिनांक 20.06.2025 के कंडिका–6 (i) के आलोक में सत्र 2026–27 से 2027–28 के लिए इंजीनियरिंग (JEE) में 75 एवं मेडिकल (NEET) में 75 छात्र–छात्राओं का नामांकन हेतु दिनांक 10.10.2026 तक विभागीय पोर्टल ekalyan.cgg.gov.in में Online आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया है। इच्छुक छात्र–छात्रा **Offline भी दिनांक 10.10.2026 तक** विहित प्रपत्र में आवेदन पत्र कार्यालय के पत्ते पर जमा कर सकते हैं। आवेदन पत्र का प्रारूप कार्यालय के सूचना पट्ट पर प्रकाशित कर दिया गया है। प्राप्त आवेदन में से मेधा क्रम के अनुसार चयनित छात्र–छात्राओं का आदिवासी मैदान हिंदपीड़ी, राँची के परिसर में संचालित अनुसूचित जनजाति आवासीय विद्यालय हिन्दपीड़ी, राँची में कक्षा 11 में नामांकन लिया जायेगा।

आवेदन पत्र जमा करने हेतु पूर्ण पत्ता :– जिला कल्याण कार्यालय, राँची समाहरणालय भवन ब्लॉक 'ए' प्रथम तल कमरा संख्या–112 / समेकित जनजाति विकास अभिकरण, राँची समाहरणालय भवन ब्लॉक 'बी' चतुर्थ तल कमरा संख्या–413 जिला–राँची।

परियोजना निदेशक
समेकित जनजाति विकास अभिकरण,राँची

PR 390766 (Welfare)26-27*D